C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 8 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 19 जून 2025

ड्रेस को लेकर ट्रोल किए जाने से...पेज-3 पर

## योग आंतरिक शांति और आत्मबोध की प्रक्रिया:धामी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री आवास परिसर में आज गुरुवार को योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मबोध की एक प्रक्रिया है। यह हमारे मन को स्थिर कर चेतना की गहराइयों तक पहुँचाने का माध्यम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने सदैव मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है और हमारी सनातन संस्कृति का मूल स्तंभ योग है। यही कारण है कि आज योग दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और भारतीय जीवन शैली को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतराष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा था, जिसे 177 देशों ने समर्थन दिया और 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड योग और ऋषि मुनियों की भूमि है। ग्राम स्तर तक सभी लोग योग से जुड़े, सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास किए गए हैं। योग से रोजगार के अवसर बढ़ाये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए नई योग नीति लाई गई है।



## News कॉर्नर

### युवक पर पिस्टल से फायर झोंका,गोली दाहिने हाथ में लगी,भर्ती

रुद्रपुर। बीती रात खेडा कालोनी में युवक पर जान से मारने के इरादे से पिस्टल से फायर झोंक दिया। युवक गोली लगने से घायल हो गया। शोर शराबा सुन कर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। तभी हमलावर भागने में सफल हो गए। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर फायर झोंकने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। खेड़ा कालोनी वार्ड 17 निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद हारून ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 18 जून 2025 को रात लगभग 10ः20 बजे घर के बाहर लडाई झगड़े का शोर हुआ तो वह और उसके पिता मोहम्मद हारून घर से बाहर पीपल के पेड के वाले चौराहे पर आये तो देखा कि मौहल्ले में रहने वाले नन्दन ऊर्फ चन्दन पुत्र राजकुमार यादव, ईजाज एंव रिजवीमिलकर अयान पुत्र हसन निवासी वार्ड 17 खेडा रूद्रपुर के साथ मारपीट कर रहे थे। उक्त लोगों से मारपीट करने से मना किया। आरोप है कि ईजाज एंव रिजवी ने अपने साथी नन्दन ऊर्फ चन्दन से बोला कि इमरान और इसका बाप अयान के बड़े हिमायती बन रहे है पहले इस बाप बेटे को निपटाते है और इस पर नन्दन ऊर्फ चन्दन ने ईजाज एंव रिजवी के कहने पर एक पिस्टल से सीधे जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बताया कि एक गोली दाहिने हाथ में लगी और हाथ बुरी तरह ज़ख्मी हो गया । बाद में वह लोग धमकी देते हुए भाग गए। बाद में उसे उपचार को अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने पुलिस से उक्त लोगों से जान माल का खतरा बताते हैं कार्रवाई की मांग की। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे देखें है।

## तीन देशों के दौरे पर पारंपरिक उपहार ले गए प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया के दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलग-अलग देशों के नेताओं के लिए पारंपरिक उपहार लेकर गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा पूरी हो गई है। पीएम मोदी ने साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात की।

इसके बाद कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इसके बाद पीएम मोदी क्रोएशिया पहुंचे और वहां राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच से मुलाकात की। पीएम मोदी क्रोएशिया से वापस लौट रहे हैं। अपने दौरे पर पीएम मोदी देश के पारंपरिक उपहार लेकर गए थे। यात्रा के दौरान उन्होंने साइप्रस, कनाडा के जी-7 शिखर सम्मेलन और क्रोएशिया में जिन-जिन नेताओं से मुलाकात की, सभी को उपहार भेंट किए। क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच को ओडिशा की एक पट्टचित्र पेंटिंग उपहार में दी। पट्टचित्र ओडिशा की पारंपरिक कला रूप है। यह कपड़े पर अपनी विस्तृत और रंगीन पेंटिंग के लिए जाना जाता है। इसका नाम पट्टा यानि कपड़ा और चित्र से आया है। ये कलाकृतियां आमतौर पर भारतीय पौराणिक कथाओं, खासकर भगवान कृष्ण और जगन्नाथ परंपरा से जुड़ी हैं। कलाकार बोल्ड लाइन और विस्तृत दृश्य बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों और हस्तनिर्मित ब्रश का उपयोग करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच को सिल्वर कैंडल स्टैंड उपहार में दिया। राजस्थान का यह सिल्वर कैंडल स्टैंड क्षेत्र की पारंपरिक धातु कला का सुंदर उदाहरण है। कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित और उत्कीर्णन तकनीकों का उपयोग करके बनाए गए विस्तृत पुष्प और ज्यामितीय डिजाइन हैं। इसका सुंदर आकार और बढ़िया पैटर्न इसे एक शाही और कालातीत रूप देते हैं। राजस्थान के उदयपुर और जयपुर जैसे शहर अपनी चांदी की शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध हैं। डिजाइन अक्सर महलों और मंदिरों से प्रेरित होते हैं।





## हल्द्वानी के पैट्रोल पंप स्वामी के बेटी और दामाद युद्ध के बीच तेहरान में फंसे

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

जहां इजरायल और ईरान के बीच युद्ध चल रहा है वही भारतीय लोगों के अपने इस युद्ध के बीच में इसराइल व ईरान में फंसे हुए हैं ऐसे में उनके परिजनों को उनकी काफी चिंता सता रही है। शहर में रहने वाले प्रसिद्ध हरबंस पेट्रोल पंप के स्वामी सरदार अमरिक सिंह इन दिनों गहरे चिंता में हैं। क्यों कि उनकी बेटी और दामाद, जो इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान ईरान की राजधानी तेहरान में फंसे हुए हैं।

अमरिक सिंह ने बताया कि उनकी बेटी और दामाद निजी काम से ईरान गए थे, लेकिन अचानक शुरू हुए युद्ध के कारण वहां से बाहर निकलना अब उनके लिए बेहद कठिन हो गया है। परिवार से संपर्क बना हुआ है। लेकिन हर गुज़रते दिन के साथ चिंता बढ़ती जा रही है।अमरिक सिंह ने भारत सरकार, विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि किसी भी तरह उनके बच्चों को सुरक्षित भारत वापस लाया जाए। उन्होंने कहा, हम रोज़ाना उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हालात वहां बहुत खराब हो गए हैं। हमारी बस यही प्रार्थना है कि हमारी बेटी और दामाद सुरक्षित अपने घर लौट आएं।यह अपील ऐसे समय में आई है जब भारत सरकार पहले ही कई देशों में फंसे भारतीयों की वापसी के लिए विशेष राहत प्रयास कर रही है। अमरिक सिंह और उनके परिवार को उम्मीद है कि भारत सरकार उनके बच्चों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेगी।





## किशोरी व एक किशोर की गुमशुदगी दर्ज, बरामदगी की लगाई गुहार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा क्षेत्र से एक किशोरी व एक किशोर घर से बिना बताए कहीं चले गए। किशोर और किशोरी के परिजनों ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर देकर उनकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। इंदिरा नगर मलिक का बगीचा निवासी मोहम्मद अशरफ ने पुलिस को सौंप तहरीर में कहा है कि उसका 14 वर्षीय पुत्र अरहान विधि शाम 4 बजे बिना बताए अपने घर से कहीं चला गया जिसकी परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया। वही गफूर बस्ती निवासी एक महिला ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी की पुलिस को तहरीर सौंप कर कहा है कि उसकी पुत्री बीते दिवस अपने घर से किसी के यहां साफ सफाई का काम करने के लिए गई थी। लेकिन वह रोज की भांति अपने घर वापस नहीं पहुंची काफी देर होने के बाद उसे परिजनों ने अपने स्तर से उसकी खोज बीन शुरू की लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला परिजनों को आशंका है कि पड़ोस में रहने वाला कोई युवक उसे है बहला फुसलाकर ले गया है। परिजनों को उसकी चिंता सता रही है पुलिस ने किशोर और किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## उत्तराखंड में कल से दस्तक दे सकता है मानसून

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में कल 20 जून को मानसून के दस्तक देने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान में के अनुसार मानसून का असर सबसे पहले कुमाऊं मंडल के जिलों में देखने के लिए मिलेगा। इससे पूर्व प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में प्री मानसून की बारिश का क्रम भी जारी रहेगा।

प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी इलाकों में 18 से 24 जून तक हल्की से मध्यम बारिश का क्रम जारी है। इसी बीच प्रदेश में मानसून भी दस्तक दे सकता है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल के मुताबिक मानसून बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में मानसून को उत्तराखंड पहुंचने में दो से तीन दिन का समय लगेगा। वहीं, प्रदेश में प्री मानसून की बारिश लगातार जारी है। हाल ही में पर्वतीय और मैदानी इलाकों में काफी बारिश देखने को मिली है। मानसून आने के बाद गढ़वाल मंडल के देहरादून और पौड़ी जिले में अन्य जिलों की तुलना अधिक बारिश देखने को मिल सकती है।

देहरादून में इस पूरे सप्ताह बारिश का दौर जारी रहेगा। बृहस्पतिवार को दिनभर में दो दौर की बारिश देखने को मिल सकती है। हालांकि, तापमान में बहुत ज्यादा अंतर देखने को नहीं मिलेगा। बुधवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि, न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया। बृहस्पतिवार को 0.5 डिग्री बढ़ोतरी के साथ अधिकतम तापमान 33 डिग्री रहने के आसार हैं। न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री से घटकर 24 डिग्री रहने की संभावना है।



# 'महिलाएं अधिकारों के प्रति जागरूक हों'




नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल विधानसभा का दुरुस्त विकासखंड बेतालघाट में बुधवार को जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में नकुवा बुबु प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कमेटी की विकासखंड की अध्यक्ष चंपा बोरा ने की।

बैठक में महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि अब पंचायत चुनाव नजदीक आ चुके हैं इसलिए महिला कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करते हुए अपने जनप्रतिनिधि को चुनकर विकासखंड और जिला पंचायत में पहुंचने की पुरजोर कोशिश करें। बिष्ट ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक हो। कहा कि भाजपा सरकारमें समाज में हो रहे महिलाओं के ऊपर जो हिंसा, बलात्कार और हत्या के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करें। जाति जनगणना आज हमारे नेता प्रतिपक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की मांग पर मोदी सरकार को जातिगत जनगणना करना पड़ रहा है जो के सभी लोगों के लिए फ ायदेमंद होगा इससे सभी समुदाय के लोगों का फ ायदा होगा। बैठक में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा क्षेत्र की समस्याओं सडक् ,बिजली, पानी, रोजगार और महंगाई पर मोदी सरकार लगाम लगाने में पूरी तरह फेल हो गयी है। बैठक में महिला कांग्रेस ने बेतालघाट मैन बाजार से शराब की दुकान जोकि स्कूल से 500 मीटर की दूरी और सार्वजनिक हैंड पंप के पास में ही है जिससे महिलाएं एवं बच्चे हैंड पंप पर पानी भरने में काफ ी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस बाबत शराब अंग्रेजी शराब की दुकान वहां से हटाए जाने का ज्ञापन भी जिलाधिकारी को लिखा गया है। बैठक में धना दरमवाल, कमला पंत, ललित कोहली, माया बोरा, भगवती वर्मा,सीता आर्य, नेमार डर्बी, विमला देवी जलाल, उमा जलाल, शांति तिवारी, धनी दुमका, जया कपिल, राधा भंडारी, नीतू देवी, शोभा, गीता देवी, विमला, तुलसी देवी, कांति देवी, धना देवी, उमा जलाल, अंबा देवी सहित कई कांग्रेसी महिलाएं उपस्थित थी।



# 348 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 348 वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडऩे के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत बुधवार को कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के डोल आश्रम से आए बाबा जाप सिंह, हार्दिक द्विवेदी, शिव मनु व वीरेंद्र रावत ने हिंगला देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण किया, वहीं दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर में गुरना वाटिका में पौधों की देखरेख के साथ-साथ पौधारोपण किया गया।

# बनभूलपुरा हिंसा में हुई मौत की जांच एसआईटी से कराने के निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा हिंसा के दिन गोली लगने से हुई फईम की मौत की जांच सीबीआई से कराए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने मामले की जांच एसआईटी से कराने के निर्देश दिये हैं। कोर्ट ने जांच अधिकारी नीरज भाकुनी का जिले से बाहर तबादला करने को कहा है। अब जांच को कोर्ट स्वयं मॉनिटरिंग करेगी।

बता दें कि पूर्व में कोर्ट ने सख्त लफ्जे में कहा कि जांच अधिकारी खुद इस मामले की जाँच कर रहा है और अंतिम रिपोर्ट भी खुद ही पेश कर रहा है, यह अपने आप मे एक अनोखी जांच की जा रही है। जांच अधिकारी खुद मामले की जांच कर रहा है खुद ही उस केस का निस्तारण कर रहा है जबकि आरोपियों के खिलाफ हत्या करने आए आरोप लगे हुए हैं।

मामले के अनुसार मृतक के भाई परवेज ने याचिका दायर कर कहा है कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल ने पुलिस को 6 मई 2024 को निर्देश दिए थे कि मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच कर उसकी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें लेकिन आज तक पुलिस ने इसकी जांच नहीं की इसलिए उनके द्वारा आज मामले की सीबीआई से जांच कराने व परिवार को सुरक्षा दिलाए जाने को लेकर याचिका दायर करनी पड़ी।

याचिकाकर्ता का कहना है कि 8 फरवरी 2024 को बनभूलपुरा हिंसा के दौरान फ ईम की गोली लगने से मौत हो गयी थी। उसके बाद परिजनों ने इसकी जांच कराने के लिए पुलिस व प्रशासन को कई बार शिकायत दर्ज कराई लेकिन पुलिस ने न तो इसकी जांच की और नही मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद मुकदमा दर्ज कराने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की कोर्ट में वाद दर्ज कराया। मजिस्ट्रेट ने पुलिस को निर्देश दिए कि इसमें मुकदमा दर्ज करें और उसकी रिपोर्ट पेश करें लेकिन अभी तक पुलिस ने मामले की जाँच नहीं की। फ ईम की मौत हिंसा के दौरान नहीं हुई बल्कि अज्ञात लोगों ने उसे गोली मार दी।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स: 05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# शिवसैनिकों ने धूम धाम से मनाया शिव सेना का 59वां स्थापना दिवस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शिव सेना का 59 वा स्थापना दिवस मनाया गया । शिव सेना के स्थापना दिवस के अवसर पर शिव सैनिकों ने प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर के नेतृत्व में खीर का प्रसाद वितरण किया। शिव सैनिकों ने कालू सिद्ध बाबा मंदिर में पूजन अर्चन कर भगवान को खीर का भोग लगा कर राहगीरों को प्रसाद वितरण किया । रूपेंद्र नागर ने बताया कि आज से 59 वर्ष पूर्व 19 जून 1966 में हिंदू हृदय सम्राट बालासाहब ठाकरे जी ने धर्म की रक्षा वे जनसेवा हेतु शिव सेना का गठन किया था। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप ने सभी शिव सैनिकों, पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर , कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत भईयू, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, जिला सलाहकार अनुज अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, महानगर सचिव पुरन सागर, महानगर सचिव सुनील गुप्ता, प्रचार सचिव मोनू सिंह, ब्लॉक प्रमुख हल्द्वानी सूरज आर्य, भीमताल विधानसभा प्रभारी मुकेश बिष्ट, वरिष्ठ शिवसैनिक रमेश गुप्ता सहित अन्य शिव सैनिक मौजूद थे।



# परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई में 108 वाहनों के चालान तीन वाहन सीज

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग के द्वारा सघन प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए 108 वाहनों के चालान किये और एक ट्रक , पिकअप और ई रिक्शा वाहन को सीज किया। आज सहायक परिवहन अधिकारी प्रवर्तन जितेंद्र संगवान के द्वारा हल्द्वानी- नैनीताल और परिवहन कर अधिकारी नंदन प्रसाद के द्वारा नैनीताल भीमताल तथा श्री गोविंद सिंह के द्वारा हल्द्वानी कालाढूंगी मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया जिसमें बस, ट्रक, ऑटो, टैक्सी बाइक, ई रिक्शा, मैक्सी आदि वाहनों के टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों का उल्लंघन, हेलमेट, नो पार्किंग, ओवरस्पीड आदि अभियोग में प्रवर्तन कार्यवाही की गई। इसमें 30 ओवरस्पीड वाहनो एवं 20 टैक्सी बाइक के परमिट शर्तों के उल्लंघन के अभियोग के चालान भी सम्मिलित है। चेकिंग अभियान में परिवहन निरीक्षक आरसी पवार , गिरीश कांडपाल , नंदन रावत, चंदन सुपयाल, अनिल कार्की, चन्दन ढैला, अरविंद हयांकि, गोधन सिंह ,महेंद्र कुमार, मो0दानिश आदि सम्मिलित रहे।

## NEWS / फटाफट

### 23 को पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के कुल सचिव डा.एम.एस.मंद्रवाल ने बताया कि कुविवि की ओर से स्नातक सेमेस्टर प्रणाली की पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा 23 जून (सोमवार) को सुबह 10 बजे से शुरु होकर दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विवि का पोर्टल 14 जून तक खोल दिया गया था। कहा कि अगर फिर भी किसी परीक्षार्थी ने परीक्षा फ ार्म नहीं भरा है तो उसके लिए विवि प्रशासन की ओर से पोर्टल को एक बार फिर से 20 जून (शुक्रवार)तक खोला जा रहा है। कहा कि इस तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा फार्म भरने का मौका नहीं दिया जाएगा।

### प्रखर साह का आईआईटी कानपुर में चयन



**नैनीताल ।** नैनीताल नगर के मल्लीताल निवासी प्रखर साह का चयन प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के अर्थ साइंस विभाग में पीएचडी कार्यक्रम हेतु हो गया है। बता दें कि प्रखर ने उन्होंने जीएटीई भूविज्ञान विषय 2025 तथा अर्थ साइंस विषय जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। प्रखर ने अपनी यूजी व पीजी की शिक्षा कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी कैंपस से पूर्ण की जबकि इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई सेंट जोसेफ कॉलेज नैनीताल से की। वे प्रगति कुमार साह सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा विभाग तथा सीमा साह शिक्षिका जूनियर हाई स्कूल खुर्पाताल के पुत्र हैं। उनकी यह कामयाबी पर न केवल उनके कठिन परिश्रम और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है बल्कि भूविज्ञान और पर्यावरणीय अनुसंधान के क्षेत्र में उनकी गहरी रुचि और समर्पण को भी दर्शाती है।

### रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए



**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में भारत विकास परिषद नैनीताल शाखा, उत्तराखंड (पूर्व) विकास रत्न प्रांत के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के हॉल में आयोजित किया गया जिसमें नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा अपनी उपस्थिति में अधिवक्ताओं द्वारा रक्तदान दिए जाने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। रक्तदान सर्वप्रथम हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी. एस. मेहता ने किया। इसके साथ ही एन के पपनै, सुयश पंत, चेतना, प्रिया, प्रेम प्रकाश, पुष्कर सिंह बिष्ट, अमित बिष्ट, बालम सिंह, अंकित, राज नारायण, लाल सिंह, दिनेश बनकोटी, कृष्ण मोहन जोशी, विकास उनियाल, राहुल सिंह तथा प्रेम प्रकाश आदि द्वारा रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का सफल आयोजन भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एन के पपने ,सचिन मनोज शाह ,महिला उपाध्यक्ष मीनू बुधलाकोटी, राजेश शर्मा उपाध्यक्ष, अनिल जोशी, भगवती बिष्ट, गीता पांडे, सीमा शाह, त्रिलोचन पांडे तथा दीप जोशी आदि द्वारा सहयोग दिया। शिविर में बीडी पांडे अस्पताल से डा. प्रियांशु श्रीवास्तव समेत रजनीश मिश्रा ,संगीता एवं आकांक्षा के मेडिकल टीम द्वारा 26 यूनिट रक्त का कलेक्शन किया गया।

### भिक्षुकों को शहर से खदेड़ने की मांग

**नैनीताल ।** नैनीताल शहर में इन दिनों पर्यटकों के साथ भिक्षुकों की भीड़ भी बढ़ गई है, वहीं जबरन पैसे मांगते भिक्षुक पर्यटकों को परेशान कर रहे हैं। लोग लगातार पुलिस व पालिका से भिक्षुकों को शहर से खदेड़ने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि हर पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों से पहले यहां दर्जनों भिक्षुक पहुंच जाते हैं। जो डीएसए भवन, बैंड स्टैंड और रिक्शा स्टैंड में रात बिताकर दिन में मंदिर और बाजार क्षेत्र में लोगों से पैसे मांगते हैं। इन दिनों इनकी तादाद शहर में बढ़ रही है। भिक्षुक पैसे मांगकर पर्यटकों को परेशान कर रहे हैं। लोग भिक्षुकों को को शहर से खदेड़ने की मांग कर रहे हैं। मामले में कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि जल्द ही पूर्व की तरह अभियान चलाकर भिक्षुकों को शहर से बाहर किया जाएगा।

### लैपटॉप चोरी मामले में जांच में जुटी पुलिस

**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर इंटर कालेज के कार्यालय से लैपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। प्रधानाचार्य की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है। प्रधानाचार्य विनोद सिंह जीना ने ज्योलीकोट चौकी में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि श्री ऐपाल देवता इंटर कॉलेज में जब अध्यापक व कर्मचारी बुधवार की सुबह इंटर कॉलेज पहुंचे तो व्यायाम कक्ष के कमरे के दरवाजे के ऊपर रोशनदान टूटा था। वहीं स्टोर का ताला भी टूटा था। कार्यालय का दरवाजा खोलने पर अलमारियां खुली थी साथ ही चाबियों के गुच्छे भी गेयब थे। वहीं अलमारी के अंदर रखा लैपटॉप व शुल्क के लगभग 14000 रुपये भी चोरी हुए थे। उन्होंने कुछ दस्तावेज गायब होने का अंदेशा लगाते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है। ज्योलोकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित कार एक रेस्टोरेंट में जा घुसी

**नैनीताल ।** नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर स्थित भुजियाघाट क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार एक रेस्टोरेंट में जा घुसी। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होते.होते टल गया। जानकारी के अनुसार नैनीताल हल्द्वानी रोड पर देर रात नैनीताल से हल्द्वानी जाती एक कार यूके 006 एएन 2596 अनियंत्रित होकर जीना रेस्टोरेंट में घुस गई। उस समय रेस्टोरेंट संचालक अमर सिंह जीना व उनके पुत्र सहित अन्य ग्राहक खाना खा रहे थे। गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। लेकिन दुकान क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार तेज थी। ब्रेक न लगने के चलते कार सीधे रेस्टोरेंट के अंदर घुस गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जब लोगों ने कार चालक को पुलिस चौकी ले जाने की बात कही तो आरोपी खुद को पुलिसकर्मी बताने लगा। ज्योलोकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के बीच नुकसान की भरपाई को लेकर समझौता हो गया है।

# अभिमत

## अनैतिक हथकंडे

***डाक्टरों से ब्रांडेड कंपनियों की दवा की जगह जेनरिक दवा लेने की सलाह रोगियों को देने के लिए कहा। कैमिस्टों को जेनरिक दवा बेचने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। इसलिए पूरे देश में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र खोले गये हैं। दवा कंपनियों से ब्रांडेड नाम से दवा उत्पादन कम करके जेनरिक दवा निर्मित करने को कहा गया है। जेनरिक दवा की बिक्री में इजाफा नहीं हो पा रहा है। प्रधानमंत्री की जनहित की योजना को डाक्टर पलीता लगा रहे हैं।***

फार्मा कंपनियों ने दवा बेचने के लिए डाक्टरों का अनुचित इस्तेमाल किया है। डाक्टरों को मुफ्त सुविधाएं अर्थात उपहार देकर दवा की बिक्री बढ़ाई जाती है। सरकार ने दवा कंपनियों के अनैतिक हथकंडे को रोकने के लिए सख्ती बरतते हुए मार्केटिंग पर खर्च का ब्यौरा मांगा है। दरअसल सरकार को खबरें मिल रही थीं कि दवा कंपनियों ने डाक्टरों को कई तरह की मुफ्त सुविधा देना जारी रखा है, इस पर रोक लगाने के लिए फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रेक्टिस यूनिफार्म कोड के तहत मार्केटिंग खर्च की स्व-घोषणा करनी होगी। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप के दौरान बुखार की दवा पैरासिटामॉल की गोली डोल के नाम से अधिक दाम और ज्यादा बेचने के लिए डाक्टरों को करोड़ों रुपये के उपहार दिये गये। लॉकडाउन और कोरोना का प्रकोप थमने के बाद डाक्टरों की लालची करतूत सामने आई। दवा कंपनियां कुछ दशक पहले डाक्टरों को इलेक्ट्रानिक उपकरण दवा की बिक्री के अनुपात में दिया करती थीं। डाक्टर उसी कंपनी की दवा पर्चे पर लिखते थे। इसके बाद सोने के आभूषण दिये जाने लगे। अब विदेश यात्रा का पैकेज देकर दवा की बिक्री बढ़ाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डाक्टरों से ब्रांडेड कंपनियों की दवा की जगह जेनरिक दवा लेने की सलाह रोगियों को देने के लिए कहा। कैमिस्टों को जेनरिक दवा बेचने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। इसलिए पूरे देश में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र खोले गये हैं। दवा कंपनियों से ब्रांडेड नाम से दवा उत्पादन कम करके जेनरिक दवा निर्मित करने को कहा गया है। जेनरिक दवा की बिक्री में इजाफा नहीं हो पा रहा है। प्रधानमंत्री की जनहित की योजना को डाक्टर पलीता लगा रहे हैं। कोरोना प्रकोप के दौरान भी निजी अस्पतालों के डाक्टरों का दिल नहीं पिघला। रोगियों को कमाई का जरिया बनाया और रोगी के परिवार वालों के पास धन नहीं होने से बिना इलाज के हुई मौतों का अनुमान लगाना कठिन हो गया है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना महामारी के दौरान काम करने के लिए डाक्टरों को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली के अस्पतालों पर हेलीकाप्टर से फूल बरसाने का आदेश दिया। महामारी पर नियंत्रण के बाद डाक्टरों की हरकतें सामने आईं और पता चला कि धरती पर भगवान माने जाने वाले डाक्टरों की लालची प्रवृत्ति बदली नहीं। कंपनियां ब्रांडेड दवा का नाम बदलकर समय-समय पर दाम बढ़ाने का हथकंडा भी अपनाती हैं।

# हत्या मामले की जांच को थाने का घेराव किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




नैनीताल जिले के ओखलकांडा विकासखंड के ग्राम पंचायत गलनी में स्थित खनस्यू थाने का दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने बुधवार को थाने का घेराव किया गया जिसमें जितेन बोरा के हत्या के कारणों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने के कारण विरोध में घेराव किया गया।

बता दें कि पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु ने पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं पर क्षेत्र के नाम एक ज्ञापन भेजा जिसमें 4 जून 2025 को हुई हत्या का आज तक ठोस कार्यवाही नही की गई जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने ओखलकांडा विकासखंड के ग्राम पंचायत गलनी में स्थित खनस्यू थाने का तीन घंटे तक घेराव किया। इस मौके पर थाना प्रभारी विजयपाल द्वारा तमाम बहस बाजी के बाद दो दिन का समय देते हुए घटना का पर्दाफ़ाश करने की मांग की गई तथा ज्ञापन में कहा गया कि जिस डाकटर ने पोस्टमार्टम किया उसमें काफी त्रुटियां पकड़ में आई है जिससे यह भी तय नहीं हो पा रहा है कि यह पोस्टमार्टम जितेन बोरा है या किसी और का है इसलिए संदेह और गहरा हो जाता है पुलिस लगातार उक्त प्रकरण पर लापरवाही अपना रही है उल्टा परिवार जनों को डराने का काम कर रही है यह बर्दाश्त योग्य नहीं है जिसके 25 साल का जवान बेटा चला गया हो उसके दुखों को कम के बजाय पर उल्टा उससे ही पूछताछ करने तक पुलिस की समय सीमा बड़ी हुई है संदिग्ध लोगों से पुलिस पूछताछ नहीं कर रही है आज के घेराव करने वालों में नारायण सिह खीम सिंह बिष्ट, प्रकाश नैनवाल, करन बोरा, टीकम खानवल, भारत खानवल, पान सिंह ,शेरकर महतोली , जीवन बोरा, दिनेश बोरा, गजेंद्र सिंह बोरा, दीपक दुर्ग पाल, प्रकाश मटियाली, प्रकाश दुर्गापाल, केसर आर्य, कमल बोरा, रोहित थुवाल, मोहन पलाडिया, कमल पोखरिया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## 19 वर्षीय युवक की दौड़ के दौरान मौत

**नैनीताल ।** नैनीताल के रांची रेंज अपर माल रोड निवासी 19 वर्षीय युवक की रनिंग के दौरान मौत हो गई। जिसे आनन फानन में उसका दोस्त बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार भूपेंद्र ने नैनीताल से अपनी पढ़ाई पूरी की थी और अभी वह हल्द्वानी से बीसीए कर रहा था। इन दिनों छुट्टी के चलते वह नैनीताल आया हुआ था और रोज की ही तरह सुबह अपने दोस्त के साथ रनिंग के लिए गया था। दौड़ते हुए नैनीताल के समीप कैलखन के पास वह अचानक जमीन पर गिर गया। भूपेंद्र को जमीन पर गिरता देख कर उसका दोस्त उसे बस में लेकर नैनीताल पहुंचा और उसके बाद उसे बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक भूपेंद्र के पिता नंदन सिंह देवली वन विभाग में संविदा कर्मी हैं और माता गृहणी है साथ ही एक छोटी बहन है जो कि स्कूल में पढ़ती है। अस्पताल के इमरजेंसी में मौजूद डॉ आरूषि गुप्ता ने बताया कि 19 वर्षीय भूपेंद्र को उसके दोस्त अस्पताल लेकर आए थे जो कि पहले से हो मृत अवस्था में था। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु के कारण बताया जा सकेगा।

# जनपद के 300 आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण किए गए

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



रोजगार के लिए मारामारी कितनी है इसकी तस्वीर सामने आई है जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के नियुक्ति पत्र वितरण किए गए जहां आंगनवाड़ी सहायिका और कार्यकत्री के लिए बी. एड.बीटेक, मास्टर डिग्री और एचडी धारकों ने आवेदन किया जहां बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने इनको नियुक्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ब्लॉक कार्यालय में नैनीताल जनपद के करीब 300 आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण की जानी थी जहां मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तराखंड सरकार में बाल विकास मंत्री रेखा आर्य पहुंची जहां उन्होंने अपने हाथों से नव नियुक्त सभी आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकत्रियों की नियुक्ति पत्र दिया।

इतना ही नहीं केवल आठ हजार रुपये प्रतिमाह के मानदेय वाले इस पद के लिए महिलाएं अपनी एमए-बीटेक तक की डिग्री कुर्बान कर दिया। बाल विकास विभाग ने इसके लिए न्यूनतम अर्हता मात्र इंटरमीडिएट रखा था लेकिन आवेदकों की शैक्षिक योग्यता चौंकाने वाली है. आवेदकों में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, बीटेक, बीए, एमएससी पीएचडी उपाधि वालों ने आवेदन किया था जहां उनके योग्यता और विभागीय आवश्यकता के अनुसार पद की नियुक्ति पत्र दी गई है। इस दौरान मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि डिजिटल के दौर में अब आंगनबाड़ी केंद्र को भी डिजिटल किया जा रहा है. आंगनवाड़ी नियुक्ति में बड़ी संख्या में बीएससी पोस्ट ग्रेजुएट और एचडी महिलाएं पहली बार इस क्षेत्र में आई है ऐसे में अब उनको आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से महिलाओं और बच्चों का सेवा करने का मौका मिलेगा। कोई नियुक्ति पाने वाली महिलाओं का कहना है कि सेवा भाव के माध्यम से उन्होंने आंगनवाड़ी में कार्य करने के लिए आवेदन किया था जहां उनका नियुक्ति पत्र मिला है और नियुक्ति पत्र पाकर उनको काफी खुशी मिल रही है।

# फिल्मी दुनिया

## ड्रेस को लेकर ट्रोल किए जाने से जरीन पर भड़क गईं ये एक्ट्रेस





*बीते दिनों अभिनेत्री जरीन खान ने खुशी मुखर्जी के अलबेले आउटफिट के लिए उन्हें ट्रोल किया था। अब खुशी ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। स्प्लिट्सविला सीजन 10 फेम खुशी मुखर्जी अपने बोल्ड लुक के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने मॉडर्न बोल्ड आउटफिट पहना था, जिसके कारण उन्हें ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा था। इसी कड़ी में अभिनेत्री जरीन खान ने भी खुशी के ड्रेस पर व्यंग्य किया था। अब खुशी मुखर्जी ने अभिनेत्री को जवाब देते हुए उनपर करारा हमला बोला है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। खुशी मुखर्जी हाल ही में फिल्मीज्ञान के साथ बातचीत में शामिल हुईं। उन्होंने वहां जरीन खान द्वारा खुद पर की गई टिप्पणी पर प्रतक्रिया दी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने अपना डेब्यू सलमान खान के साथ किया था। वह बहुत भाग्यशाली थीं कि उन्हें इतना बड़ा ब्रेक मिला। हालांकि, वो अपनी फिल्मों में इतना ज्यादा एक्सप्रेशन दे देती या वॉयस मॉड्यूलेशन कर लेती, जितना वो अब रील्स पर कर रही हैं, तो शायद दीपिका पादुकोण के बाद उनका ही नाम होता। हाल ही में खुशी मुखर्जी ने बोल्ड गोल्डन आउटफिट पहना था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इस पर अभिनेत्री जरीन खान ने उनके ड्रेस पर व्यंग्य करते हुए कहा, 'अगर छुपाना है, तो इतनी छोटी ड्रेस क्यों पहनी? और अगर दिखाना हैं तो खींच-खींच कर छुपा क्यों रही हैं। यह बहुत ही कन्फ्यूज करने वाला है।*

### एक नजर करियर पर

*अभिनेत्री जरीन खान ने साल 2010 में बॉलीवुड में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म का नाम था वीर, जिसमें वो अभिनेता सलमान खान के साथ नजर आई थीं। हालांकि, यह फिल्म उम्मीदों के मुताबिक नहीं चली। इसके अलावा उन्होंने 'रेडी', 'अक्सर 2', 'हेट स्टोरी 3' और 'हाउसफुल 2' जैसी फिल्मों में भी काम किया है। अभिनेत्री इस समय कुछ रिजनल फिल्मों में काम कर रही हैं। उन्होंने 'डाका' और 'जट्ट जेम्स बॉन्ड' सहित कुछ पंजाबी फिल्मों में काम किया है।*

# पूर्व बैंक मैनेजर पर किशोरी से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज, गिरफ्तार, कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कोतवाली क्षेत्र निवासी पूर्व बैंक मैनेजर पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पूर्व बैंक मैनेजर के साथ ही छेड़छाड़ का वीडियो बनाने वाली एक महिला को भी नामजद किया है।

नामजद महिला ही किशोरी को कमरा दिखाने ले गई थी। बताया जा रहा है 16 जून की शाम भदईपुरा निवासी कुमकुम ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक किशोरी को आदर्श कालोनी निवासी पूर्व बैंक मैनेजर राकेश कुमार के पास कमरा दिखाने ले गई थी। पूर्व बैंक मैनेजर दोनों को मलिक कालोनी में स्थित अपने आवास पर कमरा दिखाने ले गया। आरोप है कि वहां पर पूर्व बैंक मैनेजर ने किशोरी से छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी के साथ गई महिला ने विरोध करने के बजाय घटना की वीडियो बना ली। पीड़िता ने अपने घर पहुंच अपने मामा को घटना से अवगत कराया। बाद में पीड़िता को मामा ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने पीड़िता के मामा की तहरीर पर पूर्व बैंक मैनेजर पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही पुलिस ने उक्त महिला पर भी छेड़छाड़ का विरोध करने के बजाय वीडियो बनाने पर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों की मानें तो महिला ने ब्लैकमेलिंग इरादे से वीडियो बनाई है। लेकिन महिला अपने मंसूबों पर कामयाब नही हो पाई। एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि मौके पर चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह को भेजा गया था। दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया गया। पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जांच महिला एसआई नेहा राणा कर रही है। बता दें कि पूर्व बैंक मैनेजर की बाजार में ज्वैलर्स की दुकान है और कुछ समय पूर्व एक मामले में विजिलेंस टीम ने दुकान में छापा मारा था। उस समय पूर्व बैंक मैनेजर सुर्खियों में रहे थे।

News कॉर्नर

## हत्या मामले में अभियुक्त को 14 दिन रिमांड पर

**भवाली।** नैनीताल वन विभाग के भवाली रेंज के अंतर्गत गरुड़ताल क्षेत्र में कल पक्षी की हत्या करने की आप में पकड़े गए अभियुक्त को आज कोर्ट में पेश किया गया कोर्ट द्वारा अभियुक्त को 14 दिन की रिमांड में भेज दिया गया इलाहाबाद से सात ताल स्टेट घूमने आए एक पर्यटक अमित सैमुअल पुत्र मौर्य गुड़िया सैमुअल को स्थानीय निवासी की शिकायत पर संरक्षित श्रेणी की चिड़िया स्पॉटेड डोल की शिकार करने के आरोप में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 का ऑनलाइन करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया था तथा उसके उसके पास से एयर गन को भी जप्त कर लिया गया आरोपी को आज न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया ।

## रुद्रपुर में बाईक सवार युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रुद्रपुर।** भूररानी रोड पर सड़क किनारे घायल पड़े बाईक सवार युवकों को आपातसेवा 108 से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात को भूररानी रोड पर बाईक सवार दो युवकों के घायल पड़े होने की सूचना मिलने पर आपातसेवा 108 मौके पर पहुंची। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि मृतक की शिनाख्त आदर्श इंदिरा कालोनी निवासी 27 वर्षीय विकम विश्वास पुत्र विमल विश्वास के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि घायल युवक का नाम राजा है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसआई ने बताया कि मौके पर एसआई दीपक बहुगुणा को भेजा है। पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# संकल्प से सिद्धि तक विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी द्वारा नैनीताल में बुधवार को मोदी सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि तक विषय पर नैनीताल क्लब मल्लीताल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन ना केवल एक समीक्षा था बल्कि भारत 2047 के नव भारत निर्माण हेतु संकल्प और सक्रियता का प्रतीक बन गया।

कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घोषणा का दायित्व हरीश राणा महामंत्री भाजपा नैनीताल मंडल ने कुशलता से निभायाए वहीं स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने दिया। इसके पश्चात विधायक सरिता आर्या ने मंच से सभी



अतिथियों तथा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश प्रभारी दिनेश खुलवे, मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की एवं सभी गणमान्य जनों का स्वागत करते हुए संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं की विशेष भागीदारी की भी सराहना की। कार्यशाला में प्रभारी दिनेश खुलबे प्रदेश मंत्री भाजपा ने अपने देशभक्ति गीत और ओजस्वी भाषण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में चार गुना उत्साह भर दिया। उन्होंने 11 वर्षों में मोदी सरकार की ऐतिहासिक योजनाओं और निर्णयों का संक्षिप्त सार प्रस्तुत किया और बताया कि किस प्रकार भाजपा एक विकासशील नहीं बल्कि विकसित भारत की ओर बढ़ रही है। जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने अपने ओजस्वी और प्रेरणादायी उद्बोधन में न केवल संगठनात्मक निष्ठा की आवश्यकता पर बल दिया बल्कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 11 वर्षों में हुए अभूतपूर्व कार्यों का उल्लेख करते हुए भारतीय जनता पार्टी के सबका साथ- सबका विकास व सबका विश्वासए सबका प्रयासश् के विजन को भी विस्तार से रेखांकित किया।

इस कार्यक्रम में भाजपा के मोर्चा और प्रकोष्ठों को विशेष जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं ताकि सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकें।सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में भारत 2047 के मिशन को साकार करने हेतु संगठन के प्रति निष्ठा की संकल्प और शपथ ली।

# मोटर चोर गिरोह का पर्दाफाश,13 चोरी की मोटरें बरामद कर 2 शातिर दबोचे

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

जनपद की काशीपुर पुलिस ने खेतों में लगी पानी मोटरें चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की 13 मोटरें बरामद की। एसएसपी द्वारा अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के परिणामस्वरूप काशीपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल मिली है। बरामद मोटरें की कीमत अनुमानित 1.50 लाख है। 12 जून 2025 को मलकीत सिंह पुत्र गुरमेज सिंह, निवासी जुडका 1 कुंडेश्वरी, काशीपुर ने अपने खेत से पानी की मोटरें चोरी होने की तहरीर दी।पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। एसएसपी ने घटना का खुलासा करते के निर्देश देते हुए पुलिस टीमों का गठन किया। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि गठित पुलिस टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आस-पास कोई सीसीटीवी कैमरे भी नहीं थे, इसके बावजूद पुलिस का कार्य काफी



जटिल हो गया। पुलिस ने संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाई और गहनता से पड़ताल की। इसी बीच पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने खेतों से पानी की मोटर चोरी करने की बात कबूल की। एसपी काशीपुर ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने अपना ऊगुरजीत सिंह उर्फ गित्तू पुत्र त्रिलोचन सिंह और भजन सिंह पुत्र नत्थन सिंह निवासी गोविंदपुर कुंडेश्वरी बताया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न कंपनियों की 13 पानी की मोटरें बरामद कीं। बरामद 13 मोटरों में से 2 मोटरें उपरोक्त अभियोग से संबंधित थीं। जबकि 11 अन्य मोटरों को धारा 35/106 बीएनएस में कब्जे में पुलिस ने लिया है, जिनकी तस्दीक की जा रही है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस टीम में पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमर चंद शर्मा,एसआई संतोष देवरानी,एसआई देवेंद्र सामंत,जगदीश पपनै,किशोर फर्त्याल, वीरेंद्र बिष्ट आदि शामिल रहे।

# होटल के जीएम ने दिल्ली युवती से किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

देवभूमि में युवतियां व किशोरियां महफूज नहीं है आए दिन दरिंदे उनको अपनी हवस का शिकार बना रहे है। एक युवती को एक दरिंदे ने अपनी हवस मिटाने के लिए उसको कही का नहीं छोड़ा पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया है। नैनीताल रोड स्थित नामी होटल के जीएम ने दिल्ली की युवती को शराब के नशे में दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपित पीड़िता को होटल में छोड़कर फरार हो गया। देर रात पुलिस ने होटल में पहुंचकर पीड़िता का मेडिकल कराया आरोपित पर दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली निवासी एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपनी सहेली हापुड़ निवासी युवती के संग रामनगर व हल्द्वानी के होटल और रिजार्ट में इवेंट मैनेजमेंट का काम करती हैं.रामनगर के एक रिजार्ट में काम करने के दौरान उनकी मुलाकात रामनगर निवासी रोहित नाम के युवक से हुई थी.तब रिजार्ट का मैनेजर था. उसके रिजार्ट में उन्हें कई बार इवेंट का काम दिया अब रोहित नगर में एक बड़े होटल के जीएम पद पर तैनात है.आरोप है कि मंगलवार की रात रोहित ने उन्हें होटल में इवेंट के लिए बुलाया था वह अपनी सहेली के संग रामनगर से हल्द्वानी आई रात को काम करने के बाद रोहित ने उसे नैनीताल रोड स्थित एक दूसरे होटल में रूकवा दिया. रात को जबरन उसके कमरे में घुस गया इसके बाद वहां बैठकर शराब पी साथ ही जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया.शोर मचाने पर आरोपित फरार हो गया.। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार यादव ने बताया कि रात में ही भोटिया पड़ाव पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है. कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# प्री मानसून की झमाझम बारिश सैलानियों की खूब हुई फजीहत सड़कों पर जलभराव से आफत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पर्यटन नगरी नैनीताल में प्री मानसून ने झमाझम पानी बरसाया। सैलानियों की खूब फजीहत हो गई और सड़कों पर जलभराव से लोगों को आने जाने में परेशानी हुई।

नगर में मंगलवार रात रुक रुक कर बारिश होते रहीए जबकि बुधवार दिन भी सरोवर नगरी वर्षा से तरबतर रही। तेज बारिश दिन में दो बार हुई। जिसने लोगों की राह रोकली। ऊंची चोटियों के भ्रमण पर गए सैलानियों की खूब फजीहत हो गई। तेज वर्षा के कारण नाले उफान पर आ गए और कूड़े कचरे के ढेर झील में समा गए। आज हुई बारिश से झील के जलस्तर में मामूली सुधार आया है। इधर नगर भ्रमण पर सैलानियों का काफी संखया में पहुंचना जारी है। जिस कारण नगर की रौनक बरकरार है। होटलों के अधिकांश कमरे पैक हैं और गेस्ट हाउस व होम स्टे के भी अधिकांश कमरे पैक हैं।

नगर में पार्किंग अभाव के चलते मार्गों पर जाम लगता रहा। जिस कारण सैलानी समेत स्थानीय लोग परेशान रहे। चिड़ियाघर मार्ग पर जाम कई बार लगाए जबकि मस्जिद तिराहे के अलावा मालरोड में वाहन रेंगते नजर आए। इस बीच नगर के पर्यटन स्थल गुलजार रहे।

## चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई

**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा भगवानपुर ब्लॉक के शिवालिक कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में चतुर्थ दिवस की कथा में श्री कृष्ण जन्म की कथा हुई, जिसमें भव्य जन्मउत्सव मनाया गया, कथा व्यास गिरीशानंद जी द्वारा कहा कि श्रीकृष्ण जी ने महाभारत में जो गीता अर्जुन को सुनाई वो वास्तव में कलयुग के लिए सुनाई गई जिसका अनुश्रवण कलयुग में मानव कल्याण के लिए हो, आज कथा में भक्त प्रह्लाद, श्री राम कथा एवं श्री कृष्ण जन्म तक की कथा हुई, व्यास जी ने कहा कि भक्त यदि प्रह्लाद हो तो भगवान खम्भ में भी प्रगट हो जाते है। आज जजमान के रूप में कैलाश चंद्र पांडे,हिमानी पांडे, डूंगर सिंह तौलिया,प्रभा तौलिया जी बैठे।आज श्रीकृष्ण जन्म पर छपनभोग का प्रसाद चढ़ाया गया।हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली ,कोषाध्यक्ष हेम पंत, मुख्य सलाहकार प्रकाश जोशी, मीडिया प्रभारी हर्ष वर्द्धन पांडे,शंकर रूवाली, पारश रूवाली, भरत गुणवंत, तन्मय गुणवंत सहित भगवानपुर के पूरन चंद्र सती, बी सी जोशी, योगेश जोशी, राजेन्द्र प्रसाद पांडे,सहित सैकड़ों महिलाएं भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

# नौकरी को सिडकुल पहुंची युवती की अस्मत लूटने के प्रयास में ठेकेदार पर केस

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**मुकदमा**

● पुलिस ने आरोपी ठेकेदार पर कसा शिकंजा

पहाड़ से रोजगार की तलाश में सिडकुल पहुंची एक युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। यह आरोप नौकरी दिलाने की बात कहने वाले ठेकेदार पर लगा है।

पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कुमाऊं के एक जनपद निवासी एक युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसे नौकरी की जरूरत थी। उसने 14 जून को संजय शुक्ला को फोन किया। संजय शुक्ला ने ने बोला आ जाओ। वह 15 जून को सिडकुल पहुंच गई। पीड़िता के मुताबिक संजय शुक्ला ने उसे अपनी कार में बैठा लिया और कहा थोड़ा घूम लेते हैं। उसे इधर उधर घुमाता रहा। बाद में हल्द्वानी की तरफ ले जाने लगा और कहा वहां तक छोड़ देता हूं। पीड़िता के मुताबिक बाद कार को मोड़ कर सिडकुल ले आया। पीड़िता का आरोप है कि ठेकेदार संजय शुक्ला ने छेड़छाड़ कर गलत हरकतें करने लगा। शोर मचाने का प्रयास किया तो मुंह बंद कर दिया। गर्लफ्रेंड बनने का झांसा देते हुए कहा कि नौकरी की भी जरूरत नहीं है। उसकी चंगुल से छूटी। थाना पंतनगर के प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि आरोपी ठेकेदार के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया है और महिला दरोगा को जांच सौंपी है।

## नाम परिवर्तन

**MY NAME** is Shela Asgola in my high school mark sheet while Sheela Asgola is mentioned in my Aadhar card. Both are names of the same person. I should be known by both names. Sheela Asgola W/O Rohit Singh Airi R/O Sood Farm House Bhona Road Bazpur (Udham Singh Nagar) Uttarakhand

# 'पंचायत निर्वाचन नामावली में अपने नाम की पुष्टि सुनिश्चित करें'

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के संदर्भ में अपर जिलाधिकारी नैनीताल विवेक राय ने नैनीताल स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से नैनीताल जिले के निवासियों से आग्रह किया कि वे पंचायत निर्वाचन नामावली में अपने नाम की पुष्टि सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव से पूर्व नवीन निर्वाचन नामावली संगणकों द्वारा तैयार कर ली गई है।

अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि यह नामावली राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड के पोर्टल एसईसीवीओटीईआर डाट यूके डाट काम इन पर मौजूद है, जहां पंचायत मतदाता खोजें विकल्प के माध्यम से



कोई भी मतदाता अपना नाम देख सकता है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतवार मतदाता सूची एसईसी आरईएस यूएलटी डाट यूके डाट जीओवी.डाट इन/ वीओटीई आर एसडीए आरसीएच/ एसईए आरसी एचवी ओटीई आरसी एचईसी केएल आई एसटी पोर्टल पर भी उपलबध है।

अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि पात्र मतदाता विकासखंड, तहसील अथवा पंचायती कार्यालय में नाम जोडने तथा संशोधन कराने या हटवाने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। नामावली में पात्र मतदाता अपना नाम पंजीकरण/दर्ज कराने हेतु प्रारूप -02 नाम में संशोधन हेतु प्रारूप -04और अपमार्जन/हटाने हेतु प्रारूप-04 में प्रपत्र भरकर आवेदन कर सकता हैं। यह कार्य अधिसूचना जारी होने से पूर्व तक किया जा सकता है। पत्रकार वार्ता के दौरान आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी ऋचा सिंह समेत पर्यटन विभाग, जल संस्थान, पेयजल निगम, वन विभाग, नगर पालिकाएं एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी विवेक राय के मुताबिक इस बार त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन में कुल 4 लाख 28 हजार 925 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिसमें 2 लाख 5 हजार 872 महिलाएं तथा 2 लाख 22 हजार 895 पुरुष मतदाताओं के साथ ही 158 अन्य मतदाता भी शामिल हैं।